**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1221**

**6 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान वय वंदना कार्ड**

**1221. श्री आलोक शर्मा:**
**श्री सतीश कुमार गौतम:**
**श्री अनन्त नायक:**
**श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:**
**डॉ. के. सुधाकर:**
**श्री दिनेशभाई मकवाना:**
**श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि:**
**श्री पी. सी. मोहन:**
**डॉ. विनोद कुमार बिंद:**
**श्री नलिन सोरेन:**
**श्री शंकर लालवानी:**
**श्री नव चरण माझी:**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:**
**श्री प्रताप चंद्र षड़ङ्गी :**
**श्री जुगल किशोर:**
**डॉ. राजेश मिश्रा:**
**श्री विजय कुमार दूबे:**
**श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अक्तूबर, 2024 से लेकर अब तक देश भर में विशेषकर कर्नाटक के बेंगलुरू जिले, केरल के पालघाट जिले, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू और कश्मीर और मध्य प्रदेश में जारी किए गए आयुष्मान वय वंदना कार्डों (एवीवीसी) की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार, जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) एवीवीसी के अंतर्गत लाभों के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश भर में इस संबंध में अब तक कुल कितने दावे अधिकृत किए गए हैं और कर्नाटक के विशिष्ट संदर्भ में देश भर में लिंग और ग्रामीण-शहरी श्रेणियों के आधार पर एवीवीसी लाभार्थियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) जनजातीय बहुल क्षेत्रों सहित देश भर में एवीवीसी के अंतर्गत उपचार/विशेष सुविधाएं प्रदान करने वाले सरकारी और निजी अस्पतालों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार संख्या केरल के पालघाट जिले तथा कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कितनी है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत जारी किए गए आयुष्मान वय वंदना कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार विवरण https://dashboard.nha.gov.in/public/card पर देखा जा सकता है।

(ख) और (ग): दिनांक 31.12.2025 तक की स्थिति के अनुसार, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभार्थियों के लिए 10.34 लाख अधिकृत अस्पताल भर्ती किए गए है, जिनकी लागत 2,156.04 करोड़ रुपये है। इनमें से कार्यान्वयन

करने वाले सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 3.94 लाख भर्ती, जिनकी लागत 820.75 करोड़ रुपये है, महिला लाभार्थियों से संबंधित हैं और 6.40 लाख भर्ती, जिनकी लागत 1335.29 करोड़ रुपये है, पुरुष लाभार्थियों से संबंधित हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभार्थियों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और लिंग-वार अस्पताल भर्ती का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(घ): दिनांक 31.12.2025 तक की स्थिति के अनुसार, एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत 33,270 से अधिक अस्पताल पैनलबद्ध हैं, जिनमें 17,537 सरकारी और 15,733 निजी अस्पताल शामिल हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लाभार्थी एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार विवरण https://hem.nha.gov.in/search पर देखा जा सकता है।

*****

**अनुलग्नक**

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लाभार्थियों के लिए अस्पताल में भर्ती होने की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और लिंग-वार जानकारी

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अस्पताल में भर्ती होने वालों की अधिकृत संख्या (31.12.2025 तक)** | |
|---|---|---|
| | **महिला** | **पुरुष** |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 21 | 50 |
| आंध्र प्रदेश | 51 | 46 |
| अरुणाचल प्रदेश | 25 | 42 |
| असम | 2,125 | 4,857 |
| बिहार | 23,293 | 34,728 |
| चंडीगढ़ | 487 | 980 |
| छत्तीसगढ | 23,203 | 31,531 |
| दिल्ली | 6,689 | 7,792 |
| गोवा | 973 | 2,672 |
| गुजरात | 21,496 | 30,473 |
| हरियाणा | 17,388 | 26,776 |
| हिमाचल प्रदेश | 13,085 | 21,345 |
| जम्मू और कश्मीर | 11,487 | 18,683 |
| झारखंड | 4,301 | 6,083 |
| कर्नाटक | 42 | 35 |
| केरल | 8,770 | 17,683 |
| लद्दाख | 290 | 353 |
| लक्षद्वीप | 8 | 18 |
| मध्य प्रदेश | 36,342 | 65,779 |
| महाराष्ट्र | 473 | 1,065 |
| मणिपुर | 2,684 | 4,314 |
| मेघालय | 19 | 16 |
| मिजोरम | 198 | 204 |
| ओडिशा | 26,542 | 46,462 |
| पुदुचेरी | 363 | 1,644 |
| पंजाब | 17,719 | 29,080 |
| राजस्थान | 24 | 27 |
| सिक्किम | 1,218 | 2,731 |
| तमिलनाडु | 124 | 267 |
| तेलंगाना | 1 | 1 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 194 | 277 |
| त्रिपुरा | 4,605 | 6,904 |
| उत्तर प्रदेश | 1,66,170 | 2,73,150 |
| उत्तराखंड | 3,533 | 4,541 |

*****